अपने स्थानीय शिक्षा केंद्र में प्रारम्भिक बाल्यावस्था कार्यालय से सम्पर्क करें।

ऐलेगानी काउँटी	301-759-2012
आन अरुन्डेल काउँटी	410-222-5441
बाल्टीमोर सिटी	410-396-6602
बाल्टीमोर काउँटी	410-887-4313
केल्वर्ट काउँटी	410-535-7264
केरोलीन काउँटी	410-479-2896
कैरल काउँटी	410-751-3048
सेसील काउँटी	410-996-5424
चार्ल्स् काउँटी	301-934-7380
डोर्शेस्टर काउँटी	410-221-1111
फ्रेडेरिक काउँटी	301-696-6864
गैरेट काउँटी	301-334-7645
हॉरफर्ड काउँटी	410-588-5252
हॉवर्ड काउँटी	301-313-5659
केंट काउँटी	410-810-3903
मोंटगोमरी काउँटी	301-230-0691
प्रिंस जोर्जस काउँटी	301-808-2723
क्वीन एनी'ज़ कॉउटी	410-758-2403
सेंट मेरी'ज़ काउँटी	301-475-5511
समरसेट काउँटी	410-621-6243
टेलबोट काउँटी	410-822-0330
वाशिंग्टन काउँटी	301-766-2955
विकोमिको काउँटी	410-677-4523
वोरसिस्टर काउँटी	410-632-5042

नेन्सी एस. ग्रेसिक
राज्य विद्यालय अधीक्षक

डनबर ब्रूक्स
अध्यक्ष
मेरीलैण्ड राज्य शिक्षा विभाग

मार्टिन ओ' मेली
गवर्नर

MARYLAND STATE DEPARTMENT OF EDUCATION
Achievement Matters Most

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:

Maryland State Department of Education
Division of Early Childhood Development
200 W. Baltimore Street, 10th floor
Baltimore, Maryland 21201
MarylandPublicSchools.org

फोन: 410-767-0602
फैक्स: 410-333-6226
ईमेल: mcockey@msde.state.md.us

मेरीलैण्ड में पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन

एक अभिभावक की गाइड

पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन क्या होते हैं?

पब्लिक स्कूलों में पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन 4 वर्ष के बालक/बालिकाओं के लिए राज्य के द्वारा एक प्रायोजित कार्यक्रम है। पब्लिक स्कूलो में पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा अनुभवों को प्रदान करना है जिससे कि छोटे बच्चों को भिन्न क्षेत्रों में प्रवीणता प्राप्त करने में सहायता मिले और इससे स्कूल में उनके द्वारा बेहतर परिणामों को हासिल करने की अच्छी संभावना बनती है। पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन में उच्च गुणवत्ता के अनुभव बच्चों की सहायता करते हैं ताकि जब वे किंडरगार्टन में जाएँ तब वे सीखने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हों। ये अनुभव व्यक्तिगत और सामाजिक विकास, भाषा और पढ़ने लिखने की योग्यता, वैज्ञानिक सोच, गणितीय सोच, सामाजिक विज्ञान, ललित कला, शारीरिक विकास, और स्वास्थ्य शिक्षा पर केंद्रित होते हैं।

पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन के कार्यक्रमों को किस प्रकार चलाया जाता है?

पब्लिक स्कूल प्रबंधन के द्वारा पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन कार्यक्रमों के लिए ऐसी नीतियाँ बनाई जानी चाहिये जो राज्य के नियमों का पालन करती हों। एक पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन कार्यक्रम सामान्यत: एक अर्धदिवस प्रात: कालीन या अर्धदिवस दोपहर का कार्यक्रम होता है। कक्षा 2½ घंटे की होती है और शैक्षिक सत्र में एक सप्ताह में पाँच दिन चलती है। हर कक्षा में औसतन 20 बच्चे होते हैं। हर कक्षा में एक राज्य-प्रमाणित प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षक और एक योग्यताप्राप्त पूर्णकालिक सहायक नियुक्त किए जाते हैं। पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन कार्यक्रमों को राज्य के द्वारा निर्धारित किये गए पाठ्यक्रम के मानदण्डों पर खरा उतरना चाहिये। अभिभावक और शिक्षक नियमित रूप से हर बच्चे के विकास के संदर्भ में बातचीत करते हैं। स्कूल प्रबंधनों को सामाजिक बाल सेवा उपलब्ध कराने वालों के साथ भागीदारी करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। आपके समुदाय के पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए, अपने स्थानीय पब्लिक स्कूल प्रबंधन के प्रारम्भिक बाल्यावस्था कार्यालय से सम्पर्क करें (इस पुस्तिका का पिछला भाग देखें)।

पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन के लिए कौन योग्य है?

पब्लिक स्कूल के पब्लिक प्रीकिंडरगार्टन के लिए योग्य होने के लिए बच्चों को, जब उनके अभिभावक शुरूआत कराना चाहें तब, शैक्षिक सत्र में 1 सितम्बर तक या उससे पहले 4 वर्ष का होना चाहिये। साथ ही उन्हें ऐसे परिवारों से होना चाहिये जो आर्थिक रूप से निर्धन या बेघर हों। आर्थिक रूप से निर्धन उन सभी छात्रों को, जो आवेदन करते हैं, पहले पंजीकरण कराना आवश्यक है; परन्तु, अगर स्थान रिक्त हों, तो पब्लिक स्कूल प्रबंधन ऐसे बच्चों का भी पंजीकरण कर सकते हैं जो आर्थिक रूप से निर्धन न हों परन्तु जिन्हें स्कूल में जाने की तैयारी कराने की आवश्यकता है।